प्रश्नों का वर्गीकरण :-

सामान्यतः प्रश्नों को निम्नलिखित आधारों पर वर्गीकृत किया जाता है -

(क) मानसिक प्रक्रिया -
(ख) शिक्षण प्रक्रिया -

(क) मानसिक प्रक्रिया :- इसके आधार पर हम प्रश्नों का वर्गीकरण निम्नलिखित रूप में कर सकते हैं। इनके द्वारा मानसिक प्रक्रियाएँ उत्तर देते समय उत्तेजित एवं प्रखर होती हैं -

1. स्मृत्यात्मक प्रश्न
2. तर्कपूर्ण प्रश्न
3. सूचनात्मक प्रश्न
4. परीक्षात्मक प्रश्न
5. तुलनात्मक प्रश्न
6. व्याख्यात्मक प्रश्न
7. निर्णयात्मक प्रश्न
8. विश्लेषणात्मक प्रश्न

(ख) शिक्षण प्रक्रिया :- इसके आधार पर हम प्रश्नों का वर्गीकरण इस प्रकार कर सकते हैं -

1. प्रस्तावना प्रश्न -
2. विकासात्मक प्रश्न -
3. पुनरावृत्ति प्रश्न -

मी॰ मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर ... बलिया

~~(स) प्रस्तावना प्रश्न : ये प्रश्न छ~~

इतिहास-शिक्षण में प्रयुक्त होने वाले प्रश्नों के प्रकार एवं लक्षण :

(अ) प्रस्तावना प्रश्न :- ये प्रश्न छात्रों के नवीन ज्ञान को पूर्व ज्ञान से सम्बन्धित करने की दृष्टि से पूछे जाते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि इनका मुख्य ध्येय छात्रों के पूर्व ज्ञान की परीक्षा लेना है।

(ब) विकासात्मक प्रश्न :- इस प्रकार के प्रश्नों की सहायता से प्रस्तावित पाठ को विकसित किया जाता है।

(स) विचारात्मक प्रश्न :- इन प्रश्नों द्वारा छात्रों के मस्तिष्क को विचारने के लिये क्रियाशील बनाया जाता है।

(द) पुनरावृत्ति प्रश्न :- ऐसे प्रश्न पाठ की आवृत्ति में सहायक सिद्ध होते है। ऐसे प्रश्नों को पाठ की प्रत्येक अन्विति के पश्चात् पूछा जाता है। इसके द्वारा पाठ के प्रमुख तथ्यों को दोहराया

जाता है। दूसरे इनके द्वारा छात्रों को पाठ की प्रमुख बातों को समझने एवं आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया जाता है,

परीक्षात्मक प्रश्न :- इसके द्वारा छात्रों के अर्जित ज्ञान की परीक्षा ली जाती है। इसका ध्येय यह जानना होता है कि बालकों ने पठित वस्तु को किस सीमा तक आत्मसात कर लिया है,

समस्यात्मक प्रश्न :-

इस प्रकार के प्रश्न पाठ के प्रारम्भ या मध्य में पूछे जा सकते हैं। प्रारम्भ में इस प्रकार के प्रश्नों द्वारा छात्रों के समक्ष एक समस्या उत्पन्न कर दी जाती है। जिससे बालकों का मस्तिष्क उसके समाधान के लिए उत्तेजित हो जाता है; -

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
[illegible] ताखा, बलिया

1-10-2020